राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

राज्यपाल को स्काउट गाइड संरक्षक बैज भेंट

स्वावलम्बी भारत के निर्माण में सहयोगी बनें

– राज्यपाल

जयपुर, 24 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र को राजभवन में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड के पदाधिकारियों ने संरक्षक बैज भेंट किया। स्काउट–गाइड संगठन के स्टेट चीफ कमिश्नर श्री जे.सी महान्ति, श्रीमती मुग्धा सिन्हा, श्री जितेन्द्र कुमार सोनी और श्री निर्मल पंवार ने राज्यपाल श्री मिश्र को बैज लगाया।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि प्रदेश में स्काउट–गाइड संगठन को स्वावलम्बी भारत के निर्माण में सहयोगी बनना होगा। उन्होंने कहा कि यह संगठन युवाओं को कौशल विकास के साथ आत्मरक्षा के गुर भी सिखायें। राज्यपाल ने इस संगठन के विस्तार की आवश्यकता जताई है। उन्होंने कहा कि युवा पीढी में सहयोग की भावना पैदा करने के लिए संगठन के कार्य महत्वपूर्ण है। राज्यपाल ने कहा कि संगठन को परम्परागत खेलों के साथ आपदा जैसी परिस्थितियों में मदद की पहल करनी चाहिए। श्री मिश्र ने संगठन के मतदान के दौरान वरिष्ठ नागरिकों की मदद करने के प्रयास की सराहना की।

राज्यपाल श्री मिश्र को श्री महान्ति ने बताया कि स्काउट व गाइड अन्तर्राष्ट्रीय अराजनैतिक, वर्गहीन संगठन है, जो बालक–बालिकाओं, युवक–युवतियों को देश व समाज के लिए उपयोगी नागरिक बनाने के प्रयास करता है। प्रदेश में ग्यारह लाख से अधिक स्काउट व गाइड पंजीकृत हैं तथा सम्पूर्ण राष्ट्र में गुणवत्ता की दृष्टि से प्रदेश का यह संगठन श्रेष्ठ स्थान पर है। **फोटो – 1**

कुलाधिपति से कुलपति मिले – राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र से मंगलवार को यहां राजभवन में राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के कुलपति श्री आर.के. कोठारी, राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, जयपुर के कुलपति श्री राजाबाबू पंवार व महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर के कुलपति श्री आर.पी. सिंह ने शिष्टाचार मुलाकात की। **फोटो – 2 से 4**

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सचिव की मुलाकात – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से मंगलवार को यहां राजभवन में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सचिव श्रीमती शुचि शर्मा ने मुलाकात की। राज्यपाल ने श्रीमती शर्मा से चर्चा के दौरान राज्य की उच्च और तकनीकी शिक्षा में गुणवत्ता बढ़ाने की आवश्यकता बताई। राज्यपाल ने कहा कि कुलपति समन्वय समिति की बैठक जल्दी ही बुलाई जायेगी। **फोटो – 5**

राज्यपाल को पुस्तक भेंट – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र को डॉ. पियूष त्रिवेदी ने मुद्रा थेरेपी पुस्तक की प्रति भेंट की। राज्यपाल श्री मिश्र को डॉ. त्रिवेदी ने बताया कि यह तकनीक प्राचीन है और आधुनिक समय में भी रोगों की चिकित्सा के लिए उपयोगी है। इस मौके पर पूर्व मंत्री श्री जोगेश्वर गर्ग, पूर्व कुलपति श्री बी.एल.गौड़, वैध रघुनन्दन शर्मा और डॉ. गोविन्द पारीक योगाचार्य मौजूद थे। **फोटो – 6**

राज्यपाल बुधवार को वाराणसी जायेंगे – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र बुधवार को प्रातः जयपुर से वाराणसी जायेंगे। श्री मिश्र वहां काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के सामाजिक विज्ञान संकाय की पं. दीनदयाल उपाध्याय पीठ की और से आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय की 103वीं जयन्ती कार्यक्रम में भाग लेंगे। राज्यपाल श्री मिश्र बुधवार की सांय जयपुर लोट आयेंगे।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क